हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)

प्रवेश परीक्षा अनुभाग

दिनांक: 18–5–2017

प्रेस नोट

सभी सम्बन्धित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2017 के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.admissions.hpushimla.in के माध्यम से निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को 20–5–2017 तक बढ़ा दिया गया है । इसलिए जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक उक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन नहीं किया है, वे समय रहते इस तिथि तक आवेदन कर लें, अन्यथा इसके पश्चात आवेदन करने की वेबसाईट बन्द हो जायेगी । इसके बाद अगले तीन दिनों के लिए अर्थात दिनांक 21–5–2017 से 23–5–2017 तक आवेदनकर्ता ऑनलाईन आवेदन–पत्र में रही किसी भी प्रकार की त्रुटियों को सुधारने के लिए समय प्रदान किया जायेगा । यह प्रवेश परीक्षा दिनांक 5–6–2017 को सुबह के सत्र में प्रदेश के विभिन्न 15 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी । अभ्यर्थियों को उक्त प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश–पत्र दिनांक 27–5–2017 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किए जायेंगे । अतः अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र को उक्त वेबसाईट से समय पर डाऊनलोड करें । इस सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष नम्बर 0177–2830891 तथा 0177–2833588 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

(डा. जे.एस.नेगी)
परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठांकन संख्याः एच.पी.यू.(बी.एड.)ई.टी./2017 दिनांक: 18–5–2017

प्रतिलिपिः–

1. जन–सम्पर्क अधिकारी, हि. प्र. वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ कि वे उक्त प्रेस नोट को अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विभिन्न समाचार–पत्रों में दिनांक 19–5–2017 के अंक में विस्तृत प्रचार हेतु प्रकाशित करवाने के साथ–साथ आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र शिमला इत्यादि से भी प्रसारित करवाने की कृपा करें ।
2. अधिष्ठाता अध्ययन, हि.प्र.वि. शिमला–5 ।
3. सचिव माननीय कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला –5 ।
4. विशेष सनिजी सचिव, कुलपति/प्रति–कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
5. विभागाध्यक्षा, शिक्षा विभाग, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
6. वरिष्ठ निजी सचिव कुलसचिव, हि. प्र. वि. शिमला–5।
7. निजी सचिव/परीक्षा नियन्त्रक, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
8. वेबमास्टर/प्रभारी, संगणक केन्द्र,परीक्षा भाग एवं बी.टैक संगणक केन्द्र, हि. प्र. वि. को इस निर्देश के साथ कि वे उक्त प्रेस नोट को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करें ।
9. सूचनापटट, हि. प्र. वि. शिमला –5 ।

BS Sankhyan 18/5/17.
सहायक कुलसचिव(प्रवेश परीक्षा)